# उत्तर प्रदेश बजट 2021-22

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 22 फरवरी, 2021 को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2021–22 हेतु राज्य का पहला पेपरलेस आम बजट प्रस्तुत किया। बजट 2021–22 का आकार ` 5,50,270.78 करोड़ है जो गत् वित्तीय वर्ष 2020–21 के बजट से ` 37,410.06 करोड़ अधिक है।

- बजट में प्रत्येक घर नल, प्रत्येक गांव सड़क, प्रत्येक गांव डिजिटल, प्रत्येक खेत को पानी और प्रत्येक युवा को रोजगार देने का संकल्प है।
- बजट में ` 27,598.40 करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। बजट की थीम 'समग्र समावेशी, स्वावलम्बन व सशक्तिकरण' रही।

## बजट के मुख्य बिन्दु

### किसान

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु ` 243 करोड़ का प्रावधान।
- ` 600 करोड़ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए आवंटित।
- ` 700 करोड़ निःशुल्क जल हेतु, ` 3,098 करोड़ सिंचाई परियोजनाओं हेतु आवंटित।
- दो लाख मत्स्य पालकों को मछुआ दुर्घटना बीमा योजना से बीमा कवर मिलेगा।
- आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना हेतु ` 100 करोड़ का प्रावधान।

### युवा

- मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत पात्र छात्र–छात्राओं को टैबलेट देने की घोषणा।
- गुरुकुल पद्धति के संस्कृत विद्यालयों में निःशुल्क छात्रावास व भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा।
- एक जनपद एक उत्पाद योजना के लिए ` 250 करोड़ आवंटित।
- ` 100 करोड़ मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु जारी।
- युवाओं को शिक्षा के समुचित अवसर उपलब्ध कराने हेतु 12 जिलों में मॉडल कॅरियर सेंटर की स्थापना।
- गांवों में स्टेडियम, ओपन जिम व मंगल दलों के लिए ` 53.55 करोड़ का प्रावधान।

### महिला

- ` 1,200 करोड़ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हेतु, ` 32 करोड़ शक्ति केन्द्रों के लिए आवंटित।
- ` 100 करोड़ महिलाओं व बच्चों के लिए बनाई गई मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना पर व्यय होंगे।
- ` 4,094 करोड़ पुष्टाहार कार्यक्रम, ` 415 करोड़ राष्ट्रीय पोषण अभियान के लिए।
- ` 200 करोड़ से नई योजना 'महिला सामर्थ्य योजना' व 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' प्रारम्भ होगी।

### स्वास्थ्य

- ` 50 करोड़ कोविड–19 की रोकथाम व टीकाकरण योजना हेतु।
- ` 5,395 करोड़ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हेतु आवंटित।
- ` 1,300 करोड़ आयुष्मान भारत के लिए, ` 425 करोड़ स्वाथ्य व आरोग्य केन्द्रों के लिए आवंटित।
- कोरोना वैक्सीन हेतु ` 50 करोड़ का कोष बनाया जाएगा।

### शिक्षा

- बजट में बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा हेतु ` 75,410 करोड़ का प्रावधान।
- पीपीपी मोड पर प्रत्येक मंडल में एक सैनिक स्कूल की स्थापना की जाएगी। भूमि राज्य सरकार देगी।
- समग्र शिक्षा अभियान के लिए ` 18,172 व मिड–डे मील के लिए ` 3,406 करोड़ का बजट में प्रावधान।

### पर्यावरण संरक्षण

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु ` 2031 करोड़ प्रस्तावित।
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) योजना के अन्तर्गत ` 1,400 करोड़ का प्रावधान।

### एक्सप्रेस–वे हेतु

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे हेतु ` 1,107 करोड़ का प्रावधान।
- बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे हेतु ` 1,492 करोड़ का प्रावधान।
- गंगा एक्सप्रेस वे हेतु` 7,689 करोड़ का प्रावधान।

### स्मार्ट सिटी

- स्मार्ट सिटी हेतु ` 2,175 करोड़ का बजट में प्रावधान।
- स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद व अलीगढ़ में योजनाओं के लिए ` दो हजार करोड़ दिए गए हैं। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत विकसित किए जा रहे 10 शहरों वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, मथुरा–वृंदावन एवं शाहजहांपुर के लिए ` 175 करोड़ का बजट में प्रावधान किया है।

### धार्मिक पर्यटन

- धार्मिक स्थलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु ` 791 करोड़ का प्रावधान।
- अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एअरपोर्ट के लिए ` 101 करोड़ का प्रावधान।

**जल संरक्षण**

- जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 तक सभी घरों में पेयजल के लिए ` 15,000 करोड़ का प्रावधान।
- ` 22 करोड़ की व्यवस्था मुख्यमंत्री आरओ पेयजल योजना के लिए आवंटित।

**श्रमिक कल्याण हेतु तीन नई योजनाएं**

- मुख्यमंत्री प्रवासी उद्यमिता विकास योजना : विभिन्न प्रदेशों से लौटे श्रमिकों को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए इस योजना के अन्तर्गत ` 100 करोड़ की व्यवस्था।
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना : असंगठित क्षेत्र के कामगारों, श्रमिक परिवारों व पल्लेदारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस योजना में ` 12 करोड़ की व्यवस्था।
- **मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना :** पीएम जन आरोग्य से छूटे लोगों के लिए इस योजना में ` 100 करोड़ का प्रावधान।

**पहली बार यूपी गौरव सम्मान**

- बजट में उ.प्र. गौरव सम्मान योजना की घोषणा प्रत्येक वर्ष 5 साहित्यकारों व कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को ` 11–11 लाख की राशि दी जाएगी।
- साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के कलाकारों को ` दो हजार प्रति माह पेंशन मिलेगी।

**स्वच्छता हेतु**

- ` 2031 करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत 12.13 लाख व्यक्तिगत शौचालय तथा 98 हजार सामुदायिक शौचालयों का निर्माण होगा। ` 1,400 करोड़ से शहरी व ` 175 करोड़ से नगरीय सीवरेज एवं जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

**पंचायत**

- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत पंचायतों की क्षमता संवर्धन, प्रशिक्षण एवं पंचायतों में संरचनात्मक ढांचे के निर्माण के लिए बजट में ` 653 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत गांवों में ई–गवर्नेंस के विकास के लिए ` 4 करोड़ का बजट प्रस्तावित है।

**अल्पसंख्यक**

- अल्पसंख्यकों की अलग–अलग योजनाओं के लिए ` 1,896 करोड़ का प्रावधान। ` 1,417 करोड़ छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल हेतु और ` 479 करोड़ मदरसों को आधुनिक बनाने हेतु आवंटित।

**ग्रामीण विकास**

- ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं हेतु ` 17,917 करोड़ का बजट में प्रावधान।
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी हेतु ` 5,548 करोड़ का प्रावधान।

**अन्य बिन्दु**

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए बजट में ` 250 करोड़ का प्रावधान।
- ` 369 करोड़ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत व ` 7,000 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवंटित।
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अन्तर्गत ` 35 करोड़ मानव दिवस रोजगार का सृजन होगा।
- कान्हा गोशाला और बेसहारा पशु आश्रय के लिए ` 80 करोड़ का बजट में प्रावधान।
- ` 400 करोड़ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर व्यय होंगे।